an>

Title : Need to expedite the completion of construction of National Highway (NH-1) and issue of collection of Toll Taxes on incomplete stretch of road.

श्री संजय भाटिया (करनाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं पहली बार इस सदन में अपनी बात रख रहा हूं । मैंने पासवान जी को देखा । वे पहली बार यहां आए, मेरे बाद आए और सदन में बोले । मैं आपके माध्यम से रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हिंदुस्तान का सबसे व्यस्त राजमार्ग यदि कोई है, तो वह एनएच-1 है जिसे शेरशाह सूरी मार्ग के नाम से भी जाना जाता है । पिछले डेढ़-दो वर्षों से उसका काम बिलकुल बंद पड़ा है । जिस कम्पनी को उसे आठ लेन करने का ठेका दिया गया, किन्हीं कारणों से उन्होंने काम बंद कर रखा है लेकिन फिर भी उस रोड पर टोल वसूला जा रहा है । मैंने जब यह बात अधिकारियों के संज्ञान में लाई तो उन्होंने मुझे बताया कि यह हमारे रूल्स में है । यदि काम शुरू हो जाता है, तो हम टोल टैक्स ले सकते हैं । मैंने कहा कि जो काम डेढ़-दो साल से बंद है, तो वहां टोल लेना आपको बंद करना चाहिए । यह हाईवे मेरे लोक सभा क्षेत्र में आता है, वहां एलिवेटेड हाईवे बना । यह यूपीए की सरकार के समय बना, लेकिन यह दुनिया का पहला एलिवेटेड हाईवे है, जिसे बिना यूज किए पानीपत के लोगों को टोल टैक्स देना पड़ता है । मुझे आज तक इस बात का जवाब नहीं मिल पाया है ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स हैं कि 60 किलोमीटर के दायरे के बाद ही दूसरा टोल शुरू होना चाहिए, लेकिन मेरे लोक सभा क्षेत्र में 18 किलोमीटर के बाद ही दो टोल एक बस्ताड़ा का है, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र पानीपत और करनाल को दो हिस्सों में बांटता है । मैं आपके माध्यम से रोड ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और नितिन गडकरी जी का धन्यवाद भी करना चाहता हूं

जिन्होंने यमुना एक्सप्रेस हाईवे, जो काफी समय से बंद था, उस पर भी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने के लिए अपने अधिकारियों को आदेश किया है ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री संजय भाटिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।